मसूरी पुनर्गठन पेयजल योजना का भूमिपूजन करते मसूरी विधायक गणेश जोशी।



# सीएम ने किया ई चालान ऐप एवं उत्तराखण्ड ट्रैफिक आई ऐप लॉच

## मसूरी पुनर्गठन पेयजल योजना का भूमिपूजन करते मसूरी विधायक

**संवाददाता** देहरादून। डबल इंजन की भाजपा सरकार ने मसूरी के लोगों की चिंता को दूर करने का काम किया है और दो वर्ष बाद निर्माण कार्य पूर्ण होने के अगले 30 वर्षों तक मसूरी में पेयजल की समस्या कभी उत्पन्न नहीं होगी। यह बात मसूरी विधायक गणेश जोशी ने कही। विधायक गणेश जोशी के अथक प्रयासों से भारत सरकार द्वारा 144 करोड़ की लागत से बनने वाली मसूरी पुनर्गठन पेयजल योजना को स्वीकृति प्रदान की थी। चार स्टेज पम्पिंग योजना से मसूरी के अर्न्तगत 100 किमी. पेयजल लाईन का निर्माण कराया जाएगा और वर्ष 2022 तक इस योजना का निर्माण कार्य पूर्ण करने को कहा गया है। शनिवार को मसूरी के यमुना पुल स्थित भेडियाना गांव में मसूरी विधायक गणेश जोशी ने पेयजल योजना को औपचारिक रुप से प्रारम्भ किये जाने के लिए भूमि पूजन किया। विधायक जोशी ने मुख्यमंत्री, राज्यसभा सांसद अनिल बलूनी, लोकसभा सांसद माला राज्यलक्ष्मी शाह, प्रधानमंत्री कार्यालय एवं पेयजल निगम के अधिकारियों का धन्यवाद किया। उन्होंने बताया कि इसे पहाड़ों की रानी के नाम से प्रसिद्ध मसूरी नगर का क्षेत्रफल लगभग 64.25 वर्ग किमी. है। मसूरी में सर्वप्रथम 1908 में पाईप पेयजल योजना का निर्माण हुआ।

**कार्यक्रम**

सीएम ने किया पुलिस लाईन में आयोजित सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम में प्रतिभाग



**संवाददाता**

देहरादून, 29 फरवरी। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने शनिवार को पुलिस लाईन, देहरादून में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम–2020 में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने ई–चालान ऐप एवं उत्तराखण्ड ट्रैफिक आई ऐप को लॉच किया। इस व्यवस्था के शुरू होते ही प्रदेश के सभी 13 जनपदों में ई–चालान व्यवस्था शुरू हो गई है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने राज्य के सभी जनपदों के लिए इन्टरसेप्टर भी रवाना किये। मुख्यमंत्री के समक्ष ई–चालान के लिए यातायात निदेशक केवल खुराना एवं एसबीआई के डीजीएम बीएल सैनी ने एमओयू हस्ताक्षरित किया। ई–चालान व्यवस्था लागू होने से यह भी पता चल सकेगा कि किस व्यक्ति का नियमों का उल्लंघन करते हुए कितनी बार चालान काटा गया है। किसी व्यक्ति का तीन बार चालान कटने के उपरान्त ड्राइविंग लाइसेंस भी निरस्त हो जायेगा। मुख्यमंत्री श्री त्रिवेन्द्र ने कहा कि यातायात के नियमों का पालन करना सभी की जिम्मेदारी है। सड़क सुरक्षा के लिए निरन्तर जागरूकता कार्यक्रम चलाना जरूरी है। यातायात का उल्लंघन करने वालों पर पुलिस द्वारा सख्ती बरतने पर पिछले एक साल में दुर्घटनाओं की संख्या में कमी आई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यातायात के नियमों के पालन हेतु सबको अनुशासित होना होगा। पुलिस का उद्देश्य चालान काटना नहीं, बल्कि लोगों की जीवन की रक्षा करना है। उन्होंने कहा कि नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई की जाय। उन्होंने कहा कि चालान एवं दंड नियमों के पालन में सहायक तो हो सकते हैं, परन्तु अनुशासन ही दुर्घटनाओं से बचाव का एकमात्र रास्ता है। मुख्यमंत्री श्री त्रिवेन्द्र ने कहा कि देहरादून में यातायात व्यवस्थाओं के लिए पुलिस विभाग को 20 और वाहनों को स्वीकृति दी गई है।

पुलिस महानिदेशक अनिल कुमार रतूड़ी ने कहा कि पुलिस का कार्य अनुशासन के साथ कठिन परिस्थितियों एवं चुनौतियों से निपटने का होता हैं जनता की सुरक्षा की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी पुलिस की होती है। किसी भी व्यवस्था का मूल उद्देश्य लोगों के जीवन स्तर को बेहतर बनाना है। पुलिस का उद्देश्य चालान काटना नहीं बल्कि लोगों के जीवन की रक्षा करना है। उत्तराखण्ड में प्रतिवर्ष लगभग 05 करोड़ लोग उत्तराखण्ड आते हैं। पर्यटन से उत्तराखण्ड की आर्थिकी में सुधार होता है।

## संक्षिप्त समाचार

### दिवंगत दलवीर सिंह के परिजनों को पांच लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने जनपद पौड़ी के तहसील चाकीसैंण के ग्राम रोखड़ा निवासी स्व. दलवीर सिंह के परिजनों को 5 लाख रूपये की आर्थिक सहायता प्रदान करने की स्वीकृति दी है। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र ने दिल्ली के दंगों में हुई दलवीर सिंह की आकस्मिक मृत्यु पर गहरा दुःख व्यक्त किया है। उन्होंने मृत आत्मा की शान्ति तथा उनके शोक संतप्त परिजनों को इस दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से कामना की है। मुख्यमंत्री दलवीर सिंह के परिजनों की कमजोर आर्थिक स्थिति के दृष्टिगत रूपये 5 लाख की आर्थिक सहायता स्वीकृत की है।

### गैरसैंण में सरकार के घेराव की तैयारियों पर चर्चा

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड क्रान्ति दल देहरादून महानगर व जनपद की संयुक्त बैठक गैरसैंण भराड़ीसैंण में होने वाले बजट सत्र में तीन मार्च को गैरसैंण में सरकार का घेराव किये जाने को लेकर तैयारियों पर चर्चा दल के संरक्षक बीडी रतूड़ी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। आज दल के केन्द्रीय कार्यालय में आहूत बैठक में तय किया गया कि राज्य की स्थायी राजधानी गैरसैंण को इसी बजट सत्र में घोषित किया जाय, जबकि सरकार की मंशा है कि गैरसैंण को ग्रीष्मकालीन व शीतकालीन बनाने की है।

### विस अध्यक्ष ने शहरी विकास मंत्री का आभार जताया

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष प्रेमचंद अग्रवाल ने ऋषिकेश विधानसभा क्षेत्र के लिए कुंभ निधि से जल संस्थान विभाग को तीन योजनाओं के लिए धनराशि स्वीकृत कराने पर शहरी विकास मंत्री मदन कौशिक से मुलाकात कर उनका आभार व्यक्त किया। जिसके लिए विधानसभा अध्यक्ष ने आज शहरी विकास मंत्री मदन कौशिक से मुलाकात कर उनका धन्यवाद किया।

# एक्स सर्विसमेन एवं आश्रित्रों के इन्नोलमेंट लिंक को किया लॉच

**लॉच**

■ सीएम ने किया उपनल द्वारा आयोजित 16 वें स्थापना दिवस कार्यक्रम में प्रतिभाग

देहरादून। **संवाददाता**



मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने शनिवार को केंट रोड देहरादून में उपनल द्वारा आयोजित 16 वें स्थापना दिवस कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने एक्स सर्विसमेन एवं उनके आश्रित्रों के इन्नोलमेंट लिंक को लॉच किया एवं उपनल की सूचनाओं की बुकलेट का विमोचन भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार का सैनिकों के प्रति विशेष लगाव है। पिछले 03 साल में राज्य सरकार ने सैन्य परिवारों को तमाम सुविधाएं देने का प्रयास किया है। शहीद सैनिकों के आश्रितों को उनकी शैक्षिक योग्यता के आधार पर राज्याधीन सेवाओं में सेवायोजित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री आवास एवं सचिवालय में सैनिकों के प्रवेश के लिए उनके आई कार्ड को मान्यता दे दी गयी है। अब कोई भी सैनिक अपना आई कार्ड दिखा कर सचिवालय में प्रवेश कर सकेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा परम विशिष्ट सेवा मेडल प्राप्त सैनिकों को दी जाने वाली धनराशि को 15 हजार से बढ़ाकर 2 लाख रूपये किया गया है। इसी प्रकार अति विशिष्ट सेवा मेडल की धनराशि को भी 7 हजार से बढ़ाकर 1 लाख 50 हजार किया गया है। सेना मेडल प्राप्त सैनिकों को 1 लाख रूपये दिए जाएंगे। इसी प्रकार विशिष्ट सेवा मेडल प्राप्त सैनिक को दी जाने वाली धनराशि को 3 हजार से बढ़ाकर 75 हजार किया गया है। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष श्री प्रेमचन्द अग्रवाल, विधायक गणेश जोशी, मेजर जनरल राजेन्द्र सिंह ठाकुर, मैनेजिंग डायरेक्टर उपनल ब्रिगेडियर पीपीएस पाहवा एवं सैन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## फॉरेस्ट गार्ड भर्ती की नई परीक्षा संचालित करने की मांग

**संवाददाता** देहरादून। फॉरेस्ट गार्ड भर्ती परीक्षा में हुई धांधली के चलते परीक्षा को निरस्त किये जाने और नई परीक्षा संचालित किये जाने सहित अन्य समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर उत्तराखंड बेरोजगार संगठन से जुड़े बेरोजगारों ने प्रदेश सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए पकौड़े तलकर अपना विरोध जताया। यहां उत्तराखंड बेरोजगार संगठन संगठन के अध्यक्ष बॉबी पंवार के नेतृत्व में बेरोजगार परेड ग्राउंड स्थित धरना स्थल में इकटठा हुए और वहां से फॉरेस्ट गार्ड भर्ती परीक्षा में हुई धांधली के चलते परीक्षा को निरस्त किये जाने व नई परीक्षा संचालित किये जाने की मांग को लेकर प्रदेश सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए धरना स्थल पर पकौडे तलकर अपना विरोध दर्ज किया।

## जल निगम अधिकारियों का किया घेराव

**संवाददाता** देहरादून। वार्ड 37 वसंत विहार के पार्षद अंकित अग्रवाल के नेतृत्व में जल निगम के अधिकारियों का घेराव किया गया। इस वसर पर वार्ड में सीवर की लाइन से हो रही अव्यवस्था के बारे में जल निगम के अधिकारियों से बात की। वार्ड में अधिकतर सोसाइटी में सीवर लाइन की न तो सफाई हुई है और जितने मेन होल जल निगम ने बनाये हैं वो सड़क के लेवल से ऊपर व नीचे हैं जोकि किसी भी वक्त दुर्घटना का कारण बन सकते हैं। कैनाल रोड से बल्लूपुर की तरफ जाते हुए सीवर लाइन को मेन लाइन से जोड़ने का काम भी अभी पूरा नहीं हुआ है। इस अवसर पर कहा गया कि इसके इलावा पंडितवाणी क्षेत्र में भी दो जगह लोग सीवर लाइन से वंचित हैं जोकि विभाग की लापरवाही को दर्शाता है।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।
फैक्स नं०–
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।